# लोक शिक्षण संचालनालय

## छत्तीसगढ़

प्रथम तल, खण्ड–सी, इन्द्रावती भवन, अटल नगर

फोन नम्बर– 0771–2331385, फैक्स नम्बर–0771–2445215, Email Id–cg.dpi.dir@gmail.com

क्रमांक / ESTB-101(2)/52/2025/295 नवा रायपुर, दिनांक 18.10.2025

## / /सूचना/ /

## स्पेशल एजुकेटर भर्ती – 2025

संचालनालय के सूचना पत्र क्रमांक ESTB-101(2)/52/2025/271, दिनांक 03.10.2025 के द्वारा स्पेशल एजुकेटर के 100 पदों पर सीधी भर्ती हेतु विस्तृत विज्ञापन जारी किया गया है। विज्ञापित पदों के लिए छत्तीसगढ़ के समस्त जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में दिनांक 07.10.2025 से 13.10.2025 तक पंजीकृत डाक/व्यक्तिगत तौर पर आवेदन स्वीकार किये गये हैं। दिनांक 13.10.2025 तक स्पेशल एजुकेटर (प्राथमिक/उच्च प्राथमिक/माध्यमिक) पद हेतु प्राप्त आवेदनों का परीक्षण विज्ञापन की शर्तों के अनुसार किया गया है। परीक्षण उपरांत मान्य एवं अमान्य किये गये आवेदन की जानकारी इस प्रकार है :–

| क्रमांक | विज्ञापित पद | मान्य आवेदनों की संख्या | अमान्य आवेदनों की संख्या | कुल आवेदनों की संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 1 | स्पेशल एजुकेटर (प्राथमिक) | 262 | 931 | 1193 |
| 2 | स्पेशल एजुकेटर (उच्च प्राथमिक) | 551 | 811 | 1362 |
| 3 | स्पेशल एजुकेटर (माध्यमिक) | 247 | 633 | 880 |
| योग | | 1060 | 2375 | 3435 |

2/ परीक्षण उपरांत मान्य एवं अमान्य किये गये आवेदनों की सूची विभाग की वेबसाईट https://eduportal.cg.nic.in पर जारी की जा रही है।

3/ आवेदन **मान्य किये गये आवेदको** को सलाह दी जाती है कि वे अपने नाम के सम्मुख अंकित अपने व्यक्तिगत विवरणों (आवेदन की श्रेणी यथा– Gen, SC, ST, OBC, OBC-CL, दिव्यंगता का प्रकार, अर्हतादायी परीक्षा के पूर्णांक एवं प्राप्तांक) का भली–भांति परीक्षण कर लेवें। किसी भी प्रकार की विसंगति पाये जाने पर **22 एवं 23 अक्टूबर, 2025 को** आवेदक **स्वयं उपस्थित होकर लोक शिक्षण संचालनालय, प्रथम तल, खण्ड–सी, इन्द्रावती भवन, अटल नगर, नवा रायपुर में त्रुटि सुधार करने हेतु आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। आवेदक अपने दावे के समर्थन में दस्तावेज संलग्न करें।**

4/ आवेदन **अमान्य किये गये आवेदक 22 एवं 23 अक्टूबर, 2025 को स्वयं उपस्थित होकर लोक शिक्षण संचालनालय, प्रथम तल, खण्ड–सी, इन्द्रावती भवन, अटल नगर, नवा रायपुर में दावा–आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं।** अमान्य अभ्यर्थियों को अपने दावे के समर्थन में आवश्यक दस्तावेज संलग्न करना अनिवार्य होगा।

5/ आवेदको को सलाह दी जाती है कि त्रुटि सुधार अथवा दावा–आपत्ति के आवेदन स्वयं उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। अन्य माध्यमों से प्राप्त आवेदन स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

6/ विस्तृत विज्ञापन की कण्डिका 6 (ii) में उल्लेखित किया गया है कि एक ही आवेदन पत्र सभी जिलों/ संभाग में विज्ञापित रिक्तियों के लिए मान्य किये जायेंगे। जिलों से प्राप्त डाटा का परीक्षण करने से ज्ञात होता है कि कई अभ्यर्थियों ने एक से अधिक जिलों में आवेदन प्रस्तुत किया हैं, ऐसे अभ्यर्थियों के किसी एक जिले में जमा आवेदन स्वीकार कर उस पर विचार किया गया है तथा अन्य जिलों में जमा आवेदनों को अस्वीकार किया गया है।

7/ जारी किये गये सूची में प्रयुक्त शब्द संक्षेप का आशय निम्नानुसार है :-

| स.क्र. | शब्द संक्षेप | शब्दों के आशय |
|---|---|---|
| 1 | GEN | सामान्य |
| 2 | SC | अनुसूचित जाति |
| 3 | ST | अनुसूचित जनजाति |
| 4 | OBC | अन्य पिछड़ा वर्ग- गैर क्रीमीलेयर |
| 5 | OBC-CL | अन्य पिछड़ा वर्ग- क्रीमीलेयर |
| 6 | PH | दिव्यांग |
| 7 | VC | दृष्टिबाधित |
| 8 | HI | श्रवणबाधित |
| 9 | OR | चलन निःशक्तता |
| 10 | MC | बौद्धिक निःशक्तता, बहु दिव्यांगता |
| 11 | B | अंध |
| 12 | LV | निम्न दृष्टि |
| 13 | ACCEPT | आवेदन स्वीकार |
| 14 | REJECT | आवेदन अस्वीकार |

8/ आवेदन प्रारंभिक परीक्षण उपरांत ACCEPT अथवा REJECT किये गये हैं। **जारी सूची में आवेदन को ACCEPT दर्शाना आवेदक के चयन का आधार नहीं माना जायेगा।**

9/ आवेदन REJECT होने के एक से अधिक कारण हो सकते हैं भले ही जारी सूची में एक ही कारण दर्शाया गया हो।

10/ त्रुटि सुधार एवं दावा आपत्ति के आवेदन पत्र का प्रारूप संलग्न है। कृपया निर्धारित प्रारूप में आवेदन प्रस्तुत करें।

**संलग्न :-**

1. आवेदन पत्र प्रारूप।
2. मान्य एवं अमान्य आवेदनों की सूची।

(संचालक द्वारा अनुमोदित)

**सहायक संचालक**
लोक शिक्षण छत्तीसगढ़

E/Special Educator/spl edu letter

# त्रुटि सुधार आवेदन पत्र का प्रारूप

प्रति,

**संचालक**
लोक शिक्षण संचालनालय
इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर.

विषय – स्पेशल एजुकेटर भर्ती –2025, त्रुटि सुधार आवेदन पत्र।

महोदय,

मैनें स्पेशल एजुकेटर भर्ती –2025 में स्पेशल एजुकेटर (प्राथमिक / उच्च प्राथमिक / माध्यमिक) पद हेतु अपना आवेदन कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी.................................................. में जमा किया है। संचालनालय द्वारा जारी **मान्य** आवेदनों की सूची में मेरा नाम Applicant code - ------------------------------------------ में दर्शित है। कृपया जारी सूची में निम्नानुसार संशोधन करने का कष्ट करेंगे :–

1/आवेदन की श्रेणी GEN/SC/ST/OBC/OBC-CL उल्लेखित है, जिसे सुधारकर .....................किया जाना है।
2/ जन्मतिथि .................................. उल्लेखित है, जिसे सुधारकर .......................................... किया जाना है।
3/ दिव्यांगता का प्रकार .................................. उल्लेखित है, जिसे सुधारकर .......................................... किया जाना है।
4/ मेरे परीक्षा परिणाम में निम्नानुसार संशोधन किया जाना है :–

| स. क्र. | शैक्षणिक अर्हता का विवरण | दर्शित जानकारी (प्राप्तांक / पूर्णांक) | संशोधित जानकारी (प्राप्तांक / पूर्णांक) |
|---|---|---|---|
| 1. | हायर सेकेण्डरी परीक्षा | | |
| 2. | स्नातक परीक्षा | | |
| 3. | स्नातकोत्तर परीक्षा | | |
| 4. | डिप्लोमा इन स्पेशल एजुकेशन | | |
| 5. | बैचलर ऑफ स्पेशल एजुकेशन | | |

**संलग्न –**

1.
2.
3.

**हस्ताक्षर**

**नाम** --------------------------------------------------
Applicant code ------------------------------------
**पता**.................................................................................
.................................................................................
**मोबाईल नंबर** .......................................................

E/Special Educator/spl edu letter

# दावा– आपत्ति आवेदन पत्र का प्रारूप

प्रति,

**संचालक**
लोक शिक्षण संचालनालय
इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर.

विषय – स्पेशल एजुकेटर भर्ती –2025, दावा आपत्ति आवेदन पत्र।

महोदय,

मैनें स्पेशल एजुकेटर भर्ती –2025 में स्पेशल एजुकेटर (प्राथमिक / उच्च प्राथमिक / माध्यमिक) पद हेतु अपना आवेदन कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी...................................................... में जमा किया है। संचालनालय द्वारा जारी **अमान्य** आवेदनों की सूची में मेरा नाम Applicant code - --------------------- ----------------------- में दर्शित है। मेरा आवेदन निम्न कारण से अमान्य किया गया है जिसके संबंध में मेरा दावा निम्नानुसार है :–

दावा के समर्थन में संलग्न दस्तावेज –

1.
2.
3.

हस्ताक्षर

नाम
Applicant code -------
पता
मोबाईल नंबर

E/Special Educator/spl edu letter